राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड,
राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकःप.14(37)RSMSSB/अर्थना/पशुपा./पशु.सहा. (अनु. क्षेत्र)/2016/पार्ट–III/1511 दिनांक : 16/4/2018

–:: कार्यालय आदेश ::–

बोर्ड द्वारा पशुपालन विभाग के लिये अनुसूचित क्षेत्र के लिये राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 एवं राजस्थान पशुपालन अधीनस्थ सेवा नियम, 1977 के अन्तर्गत पशुधन सहायक (अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2016 की परीक्षा दिनांक 16.10.2016 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 15.11.2016 को जारी किया गया है। पशुधन सहायक सीधी भर्ती परीक्षा–2016 में अस्थाई रूप से चयनित अभ्यर्थियों को पात्रता की हेतु दिनांक 22.03.2018 को पशुपालन विभाग में उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया था। विभाग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार 02 अभ्यर्थी पात्रता की जांच के समय अनुपस्थित रहे हैं। बोर्ड ने पात्रता की जांच के समय अनुपस्थित रहे इन 02 अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच हेतु एक अंतिम अवसर देने का निर्णय लिया है। अतः पशुधन सहायक (अनुसूचित क्षेत्र) के पद हेतु पात्रता की जांच में अनुपस्थित रहे निम्नलिखित 02 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 23.04.2018 को प्रातः 10.00 बजे से निदेशालय, पशुपालन विभाग, पशुधन भवन, गांधी नगर मोड़, टोंक रोड, जयपुर पर** पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें :–

S.No	Roll No.	Candidate_Name	Father_Name	CAT
1.	400004	Kamal Kishor	Karu Lal Meena	ST
2.	400259	Shreenath Bamaniya	Gauri Shanker Bamaniya	ST

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "विस्तृत आवेदन भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं अनुसूचित क्षेत्र के लिये पशुधन सहायक सीधी भर्ती परीक्षा– 2016 के लिये दिनांक 22.07.2016 को जारी विज्ञापन संख्या–04/2016 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले। उक्त निर्देश एवं विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

(डॉ. बी.एल. जाटावत)
अध्यक्ष

P.T.O.